नवोदय (Navodaya)

दिनाँक (Dated): 08/07/23 | पृष्ठ सं0 (Page No). 05 | क्रम सं0(Serial No.) 03

CISF डीजी ने अधिकारियों और कर्मियों को प्रदान किए पदक

■ गृह मंत्री के पुलिस प्रशिक्षण में उत्कृष्टता के लिए पदक से सम्मानित

नई दिल्ली, 7 जुलाई (नवोदय टाइम्स): केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 90 अधिकारियों और कर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक, सराहनीय सेवा के लिए अग्निशमन सेवा पदक और केंद्रीय गृह मंत्री के पुलिस प्रशिक्षण में उत्कृष्टता के लिए पदक से अलंकृत किया गया। इसके लिए शुक्रवार को सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित सीआईएसएफ मुख्यालय में एक भव्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया था। उक्त पदक उन्हें गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और अन्य अवसरों पर भारत सरकार द्वारा प्रदान किये गये हैं। यह सीआईएसएफ के इतिहास में अब तक आयोजित सबसे बड़ा अलंकरण समारोह है। दिए गए पदक में पुलिस पदक, अग्निशमन सेवा पदक और केंद्रीय गृह मंत्री के पुलिस प्रशिक्षण में उत्कृष्टता के लिए पदक शामिल है।

समारोह के दौरान, सीआईएसएफ के महानिदेशक (डीजी) शील वर्धन सिंह ने सीआईएसएफ अधिकारियों और कर्मियों को पुलिस पदक और केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया। अपने संबोधन में सीआईएसएफ महानिदेशक ने सभी सम्मानित अधिकारियों और कर्मियों को बधाई दी और कहा कि भारत सरकार द्वारा इस तरह के प्रतिष्ठित पदक से सम्मानित किया जाना बल के लिए बहुत गर्व की बात है। गौरतलब है कि सीआईएसएफ देश के आर्थिक विकास को प्रभावित करने वाले संवेदनशील और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के मुख्य क्षेत्रों को सुरक्षित करने में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहा है। भारत सरकार ने भी सीआईएसएफ द्वारा राष्ट्र को प्रदान की गई सेवाओं को महत्ता दी है और विभिन्न अवसरों पर बल कर्मियों को 13,000 से अधिक पुरस्कार और पदकों से सम्मानित किया है।